**31/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान चल रही केंद्रीय क्षेत्र योजना “प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना” के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय सहित कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। आज दोपहर नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अनुमोदन में घटक योजना- एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना के तहत 50 बहु उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना का समर्थन करने के लिए 1000 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसमें घटक योजना- खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना, FSQAI के तहत NABL मान्यता के साथ 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना भी शामिल है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बयान में कहा गया है कि उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया और दोनों देशों के लोगों के साझा लाभ के लिए सहयोग को और विकसित एवं गहन करने पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने ऑर्किड की खेती में संभावित साझेदारियों की संभावनाओं का पता लगाने के लिए कल थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जिसका उद्देश्य राज्य के ऑर्किड मिशन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की संभावना तलाशना है। चर्चा में थाई निवेश को आकर्षित करने, उच्च गुणवत्ता वाली प्लांटिंग सामग्री की आपूर्ति और राज्य में साइंटिफ़िक एवं कमर्शियल ऑर्किड खेती को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों का कौशल विकास करना है।

0000000000000000000000

आदिवासी समुदायों की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कल ज़ीरो में प्राइमेरी स्टुडेंट्स के लिए तीन स्वदेशी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लोकार्पण किया। इस बीच, गृह मंत्री ने शिक्षा और मातृभाषा सीखने के माध्यम से अपने जड़ों को पोषित करने की प्रतिबद्धता के लिए दोन्यी पोलो कलचरल एण्ड चैरीटेबल ट्रस्ट लेंगुएज डेवेलपमेंट काउसिल की सराहना की।

0000000000000000000000

स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में उनके चल रहे व्यापक दौरे के एक हिस्से के तहत पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव ने कल सागाली ब्लोक के खील स्थित प्रारंभिक शिक्षा केंद्र और गेराम स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा किया। प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक मजबूत नींव के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उपायुक्त ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और प्रारंभिक शिक्षा केंद्र के संचालकों से सक्रिय रहने और अपने कर्तव्यों में नियमितता बनाए रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

पशुपालन, पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास विभाग ने कल तवांग में वैज्ञानिक तरीके से याक पालन एवं प्रबंधन पर दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य वैज्ञानिक याक पालन एवं प्रजनन पद्धतियों पर जागरूकता सत्र आयोजित करना था, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्वस्थ याक झुंडों और स्थायी आजीविका का मार्ग प्रशस्त हो सके। आस-पास के गाँवों के ब्रोकपा लोगों ने इस शिविर में भाग लिया और लाभान्वित हुए।

0000000000000000000000

तिनगोंग वांगपान गांधीनगर स्थित SAI राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रवेश पाने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले पैरा-एथलीट बन गए हैं। वांगपान को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वांगपान ने सातवीं अंतर्राष्ट्रीय

पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर अरुणाचल प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। इस बीच, अरुणाचल पैरालंपिक संघ ने वांगपान की उल्लेखनीय प्रतिभा को मान्यता देने और अधिक समावेशी खेल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण को धन्यवाद दिया है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 20 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, कामले, सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज़ बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

चुनाव आयोग ने संविधान के अनुसार, 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

0000000000000000000000